दिनांक : 29.03.2024 समय : 02.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–बिल गेटस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने आप में एक बडी जरूरत है और सरकार सभी गांवों तक डिजिटल सुविधाएं पहुंचा रही है। बिल गेटस के साथ बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में अपनी बडी भूमिका निभा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एकाधिकार को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी लोकतंत्रीकरण किया है। यह जनता द्वारा और जनता के लिए है। हम लोगों के बीच प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वास को बढावा देने के लिए लगातार योगदान दे रहे हैं लेकिन इन सब के बावजूद आज डेटा सुरक्षा सर्वोपरि चिंता बनी हुई है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में महिलाएं नई तकनीक अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना बहुत सफलतापूर्वक चल रही है। इन योजनाओं ने महिलाओं की मानसिकता को बहुत बदल दिया है। ए.आई के दुरुपयोग पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ए.आई बिना उचित प्रशिक्षण के किसी को दे दी जाए तो इसके दुरुपयोग होने की संभावना है। ए.आई जनित सामग्री पर स्पष्ट वाटर मार्क होना चाहिए जिससे कोई भी गुमराह ना हो।

....

मतदाता जागरूकता

शहडोल जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कल रात गांधी स्टेडियम में गगनदीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैकड़ों लोगों ने कैंडल गुब्बारा उड़ाकर शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। गुना जिले में कलेक्टर सतेन्द्र सिंह ने आज बमोरी विधानसभा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।
इसी दौरान विधानसभा बमोरी के ग्राम सिमरोद की 113 वर्षीय वरिष्ठ मतदाता श्रीमति जबरी बाई का कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने घर पहुंच कर सम्मान किया एवं आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए आमंत्रित किया।

....

गुड फ्राइडे

आज गुड फ्राइडे के दिन प्रदेश में गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं। क्रूस यात्राएं निकाली जा रही हैं जिनमें प्रभु यीशु के बलिदान से जुड़े प्रसंगों की झांकियां शामिल हैं। यीशु मसीह को इसी दिन सूली पर लटकाया गया था। उन्होंने मानवता के प्रति प्रेम के लिए कुर्बानी दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुड फ्राइडे के दिन यीशु मसीह के बलिदान को याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गुड फ्राइडे को यीशु मसीह के विनीत बलिदान को स्मरण किया जाता है। प्रधानमंत्री ने आशा प्रकट की कि प्रत्येक व्यक्ति को उनकी अनुकंपा और दूसरों को क्षमा करने की यीशु मसीह की सीख से प्रेरणा मिलेगी। गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या पर कल गिरजाघरों में प्रभु यीशू का अंतिम भोज दिवस मनाया गया। गुड फ्राइडे के बाद रविवार 31 मार्च को यीशु मसीह पुनः जीवित हो गए थे जिसे ईस्टबर के रूप में मनाया जाता है। वहीं मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पवित्र रमजान महीने के तीसरे जुमा पर आज नमाज के साथ सामूहिक रू‍प से दुआ मांगी। मस्जिदों में रमजान के तीसरे अशरे की अहमियत भी बताई गई।

....

मौसम

प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं। रतलाम और दमोह में लू का प्रभाव रहा। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक तापमान बड़वानी, नर्मदापुरम, दमोह और छतरपुर जिले में 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। जबलपुर में इस समय भीषण गर्मी का अहसास हो रहा है। आज दोपहर एक बजे तक ही तापमान 38 डिग्री पहुंच गया। जबकि कल सबसे गर्म दिन के रूप में दर्ज किया गया। दिन का पारा सामान्य से चार डिग्री बढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं सबसे कम तापमान शहडोल जिले

के कल्याणपुर में करीब 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बैतूल में पारा 40 डिग्री के पार हो गया। मौसस विभाग ने आज रतलाम, दमोह और गुना जिले में लू चलने की संभावना जताई है। वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि 29 मार्च से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने से हवाओं के साथ नमी आने की संभावना है, जिसके चलते 30 एवं 31 मार्च को प्रदेश में कहीं–कहीं वर्षा भी हो सकती है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- धार स्थित भोजशाला में आज आठवें दिन भी भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण के दल ने सर्वे किया।
- शिवपुरी में खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध अभियान में 150 सैंपल लिए गए। जांच के बाद 62 की रिपोर्ट मिली है। जिसमे से 9 अमानक पाए गए हैं। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने ऐसे मामलों में जुर्माना वसूलने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।
- सिंगरौली एनसीएल के अध्यक्ष – सह– प्रबंध निदेशक बी. साईराम ने आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भोपाल में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें एनसीएल के योगदान से अवगत कराया।

....